बिहार लोक सेवा आयोग विद्यालय अध्यापक परीक्षा

BPSC (TRE) 4.0 & 5.0 Exam

प्राथमिक विद्यालय

(कक्षा 1-5 तक)

अध्यापक भर्ती परीक्षा

(शिक्षा विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग)

सामान्य अध्ययन

सॉल्व्ड पेपर्स एवं प्रैक्टिस बुक

प्रधान सम्पादक
ए. के. महाजन

संपादन एवं संकलन
परीक्षा विशेषज्ञ समिति

सम्पादकीय कार्यालय
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
9415650134
Email : yctap12@gmail.com
website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com
© All Rights Reserved with Publisher

प्रकाशन घोषणा
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

विषय-सूची

■ बिहार लोक सेवा आयोग (कक्षा 1 से 5 तक) विद्यालय अध्यापक परीक्षा पाठ्यक्रम 3-4

सॉल्व्ड पेपर्स

■ बिहार लोक सेवा आयोग अध्यापक परीक्षा, (TRE 3.0, पुनर्परीक्षा) 2024 प्रश्न-पत्र-1
(कक्षा 1 से 5 तक) सामान्य अध्ययन
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 15.03.2024) 5-28

■ बिहार लोक सेवा आयोग अध्यापक परीक्षा, (TRE 3.0, निरस्त) 2024 प्रश्न-पत्र-1
(कक्षा 1 से 5 तक) सामान्य अध्ययन
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 15.03.2024) 29-44

■ बिहार लोक सेवा आयोग स्कूल अध्यापक परीक्षा, (TRE 2.0) 2023 प्रश्न-पत्र-1
(कक्षा 1 से 5 तक) सामान्य अध्ययन
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 14.12.2023) 45-72

■ बिहार लोक सेवा आयोग स्कूल अध्यापक परीक्षा, 2023 प्रश्न-पत्र-1
(कक्षा 1 से 5 तक) सामान्य अध्ययन
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 24.08.2023 Shift-I) [Male] 73-96

■ बिहार लोक सेवा आयोग स्कूल अध्यापक परीक्षा, 2023 प्रश्न-पत्र-1
(कक्षा 1 से 5 तक) सामान्य अध्ययन
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 24.08.2023 Shift-II) [Female]....................... 97-120

प्रैक्टिस सेट

■ प्रैक्टिस सेट-1 121-133
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-1 134-143
■ प्रैक्टिस सेट-2 144-155
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-2 156-166
■ प्रैक्टिस सेट-3 167-179
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-3 180-189
■ प्रैक्टिस सेट-4 190-202
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-4 203-213
■ प्रैक्टिस सेट-5 214-226
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-5 227-236
■ प्रैक्टिस सेट-6 237-249
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-6 250-259
■ प्रैक्टिस सेट-7 260-271
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-7 272-282
■ प्रैक्टिस सेट-8 283-296
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-8 296-306
■ प्रैक्टिस सेट-9 307-318
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-9 319-329
■ प्रैक्टिस सेट-10 330-341
व्याख्या सहित हल : प्रैक्टिस सेट-10 342-352

बिहार लोक सेवा आयोग
परीक्षा संरचना एवं पाठ्यक्रम
(कक्षा 1 से 5 तक)

शिक्षा विभाग एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यालय अध्यापकों हेतु लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) के लिए परीक्षा संरचना एवं पाठ्यक्रम-

1. शिक्षा विभाग कें अन्तर्गत कक्षा 1 से 5 तक के विद्याालय अध्यापक के लिएः-

विषय	प्रश्नों की संख्या	परीक्षा की अवधि	कुल अंक	अभ्युक्ति
भाषा (अर्हता) एवं सामान्य अध्ययन	150 भाग - I-30, भाग - II-120	02.30 घंटे	150	● **प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 5) के लिए** ● यह पत्र दो भाग में होंगे यथा- भाग- I एवं भाग- II ● **भाग-I - भाषा** (अर्हता) के लिए **अंग्रेजी एवं हिन्दी/उर्दू/बांग्ला** भाषा का व्यवहारिक ज्ञान। इस भाग में अर्हतांक कम से कम 30 प्रतिशत अनिवार्य होगा। ● **भाग-II- सामान्य अध्ययन-** के लिए प्राथमिक गणित, मानसिक क्षमता परीक्षण, सामान्य जागरूकता, सामान्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भूगोल और पर्यावरण शामिल है। ● उपरोक्त विषय पत्रों के पाठ्यक्रम SCERT/ NCERT से संबंधित होंगे, लेकिन इसका स्तर उम्मीदवार हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के आलोक में होगा। ● सामान्य अध्ययन पत्र के पाठ्यक्रम SCERT से संबंधित होंगे, लेकिन इसका स्तर उम्मीदवार हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के आलोक में होगा। ● लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय (MCQ) आधारित होगा। ● गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंक (Negative Marking) नहीं होगा।

2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 के विद्यालय अध्यापक के लिए :-

विषय	**प्रश्नों की संख्या**	**परीक्षा की अवधि**	**कुल अंक**	**अभ्युक्ति**
भाषा (अर्हता) एवं सामान्य अध्ययन	150 भाग - I-30, भाग - II-120	02.30 घंटे	150	● यह पत्र दो भाग में होंगे यथा- भाग- I एवं भाग- II ● भाग- I - भाषा (अर्हता) के लिए अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का व्यवहारिक ज्ञान। इस भाग में अर्हतांक कम से कम 30 प्रतिशत अनिवार्य होगा। ● भाग- II -सामान्य अध्ययन - के लिए प्राथमिक गणित, मानसिक क्षमता परीक्षण, सामान्य जागरूकता, सामान्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भूगोल और पर्यावरण शामिल है। ● उपरोक्त विषय पत्रों के पाठ्यक्रम SCERT/ NCERT से संबंधित होंगे, लेकिन इसका स्तर उम्मीदवार हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के आलोक में होगा। ● सामान्य अध्ययन पत्र के पाठ्यक्रम SCERT से संबंधित होंगे, लेकिन इसका स्तर उम्मीदवार हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के आलोक में होगा। ● लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय (MCQ) आधारित होगा। ● गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंक (Negative Marking) नहीं होगा।

बिहार लोक सेवा आयोग अध्यापक परीक्षा, 2024
सामान्य अध्ययन (TRE 3.0) पुनर्परीक्षा
प्रश्न-पत्र-I (कक्षा 1 से 5 तक)
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 00.00.2024)

Part-1 : भाषा (Language)
अंग्रेजी (English)

Directions (Q. 1-5) : Read the passage given below and on the basis of the pasage, answer the questions that follow.

People are always communicationg, verbally and non-verbally. Research shows that only seven percent of communication is through words. The rest of the communication process takes place through body language, eye contact and the varlus signals words cannot Convey. A person should be sensitive enough to understand as to how the communication is being received and processed. All communication should be sensitive to eye movement, posture and gesture, skin colour, breathing rate and facial expression to be understood completely.

1. Words communicate just _________ per cent.

(a) seventy (b) seven (c) hundred
(d) more than one of the above
(e) none of the above

Ans. (b) : The Passage emphasizes the importance of non-verbal communication by stating that only seven percent of communication is through words. The remaining 93 percent is conveyed through the body language, eye contact and other non-verbal cells.

2. These are some nouns form the passage

(a) body, person (b) should, through (c) being, how
(d) More than one of the above
(e) None of the above

Ans. (a) : In the given passage, 'body' and 'person' are nouns.
On the other hand, 'should' is a model verb indicating obligation or probability and 'through' is a preposition. 'Being' can be a noun but 'how' is an adverb used to describe the manner.
So option (a) is correct.

3. Communication must include

(a) eye movement (b) breathing rate
(c) body language
(d) More the one of the above
(e) None of the above

Ans. (d) : According to the passage, communication must include- eye movement, breathing rate and body language.

4. Which are the two kinds of communication ?

(a) Verbal and non-verbal
(b) Posture and gesture
(c) Spoken and written
(d) More than one of the above
(e) None of the above

Ans. (a) : Communication can be broadly classified into two main types : verbal and non-verbal.
Verbal communication involves the use of words, whether spoken or written, to convey the massages.
Non-Verbal communication, on the other hand, involves, conveying information without words.

5. The passage is about

(a) Disadvantages of words
(b) Nature of communication
(c) Communication failure
(d) More than one of the above
(e) None of the aobve

Ans. (b) : The passage is about nature of communication emphasizing both verbal and non-verbal aspects. It explains that only seven percent of communication is through words, while the majority is conveyed through the body language, eye contact and other non-verbal.

Directions (Q. Nos. E-6 - E- b) : Fill in the blanks.

6. Had we ________ punctual, we would have ________ the train.

(a) been, caught (b) were, boarded (c) are, got
(d) More than one of the above
(e) None of the above

Ans. (a) : The sentence ' Had we ________ punctual, we would have ________ the train,' requires the correct form of the verb to complete the third conditional structure, which is used to talk about hypothetical situations in the past that did not happen.
The correct structure for the third conditional is
' Had + Subject + past participle, Subject + would have + past participle.

7. You can't _________ with other people.

(a) arguing (b) shoted (c) quarreling
(d) More than one of the above
(e) None of the above

Ans. (e) : The sentence ' You can't ____ with other people', requires a verb form that correctly completes the idea of not engaging in a specific behaviour.
Hence the correct answer is (c) 'quarrelling' as it fits the context perfectly.

8. Since she is a _________, she has to talk a lot.

(a) Jockey (b) cook (c) radio jockey
(d) Nore than one of the above
(e) None of the above

Ans. (c) : The sentence 'Since she is a ____ she has to _____a lot' needs to be completed with terms that logically and contextually fit together.
The correct answer is (c) ' radio jockey; talk' as it makes coherent sense.

A radio jockey, commonly known as an RJ, is someone who hosts radio shows and by the nature of their job, needs to talk a lot.

हिन्दी (Hindi)

निर्देश (प्र.सं. H-9 से H-14 तक) : इस खंड में नीचे दिए गए गद्यांश से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में अंकित कीजिये।

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए चरित्र निर्माण परम आवश्यक है जिस प्रकार वर्तमान में भौतिक निर्माण का कार्य अनेक योजनाओं के माध्यम से तीव्र गति के साथ संपन्न हो रहा है, वैसे ही वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि देशवासियों के चरित्र निर्माण के लिए भी प्रयत्न किया जाए। उत्तम चरित्रवान व्यक्ति ही राष्ट्र की सर्वोच्च संपदा है। जनतंत्र के लिए जो यह एक महान कल्याणकारी योजना है। जन-समाज में राष्ट्र, संस्कृति, समाज एवं परिवार के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है इसका पूर्ण रूप से बोध कराना एवं राष्ट्र में व्याप्त समग्र भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण का निर्माण करना ही चरित्र निर्माण का प्रथम सोपान है। पाश्चात्य शिक्षा और संस्कृति के प्रभाव से आज हमारे मस्तिष्क में भारतीयता के प्रति हीन भावना उत्पन्न हो गई है। चरित्र निर्माण, जो कि बाल्यावस्था व्यवस्था से ही ऋषिकुल, गुरुकुल, आचार्यकुल की शिक्षा के द्वारा प्राचीन समय से किया जाता था, आज की लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति से संचालित स्कूलों एवं कॉलेजों के लिए हास्यास्पद विषय बन गया है। आज यदि कोई पुरातन संस्कारी विद्यार्थी संध्यावंदन या शिखा-सूत्र रखकर भारतीय संस्कृतिमय में जीवन बिताता है, तो अन्य छात्र उसे 'बुद्ध' या अप्रगतिशील कहकर उसका मजाक उड़ाते हैं। आज हम अपने भारतीय आदर्शों का परित्याग करके पश्चिम के अंधानुकरण को प्रगति मान बैठे हैं। इसका घातक परिणाम चरित्र दोष के रूप में आज देश में सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहा है।

9. जनतंत्र के लिए लाभकारी हो सकते हैं
(a) निष्ठावान श्रमिक (b) शक्तिशाली सिपाही
(c) उत्तम चरित्रवान व्यक्ति (d) धनवान व्यक्ति
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : उत्तम चरित्रवान व्यक्ति जनतंत्र के लिए लाभकारी हो सकते है।

10. राष्ट्र की सर्वोच्च संपदा है
(a) स्वार्थी व्यक्ति (b) लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति
(c) पाश्चात्य संस्कृति (d) चरित्रवान व्यक्ति
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : चरित्रवान व्यक्ति राष्ट्र की सर्वोच्च सम्पदा है।

11. अप्रगतिशील रूप में मजाक उड़ाया जाता है, जो
(a) पाश्चात्य संस्कृति को हृदय से अपनाता है
(b) भारतीय संस्कृतिमय जीवन बिताता है
(c) धार्मिक वातावरण में जीवन बिताता है
(d) सत्संग में अधिक समय नही बिताता है
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : अप्रगतिशील रूप में मजाक उड़ाया जाता है, जो भारतीय संस्कृतिमय जीवन बिताता है।

12. चरित्र निर्माण की परम आवश्यकता है
(a) समाजोपयोगी कार्यों के लिए
(b) मानवमात्र के कल्याण के लिए
(c) राष्ट्र की योजनाओं के संचालन के लिए
(d) राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए चरित्र निर्माण की परम आवश्यकता है।

13. उन्नत राष्ट्र के लिए विकास का प्रथम सोपान है
(a) भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण
(b) चरित्र निर्माण के शैक्षणिक वातावरण
(c) राजनीति के कुशल दाँव-पेंच
(d) जनता में साम्प्रदायिक सद्भाव
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण उन्नत राष्ट्र के लिए विकास का प्रथम सोपान है।

14. भारतीय के प्रति हीन भावना का कारण है
(a) पुरातन संस्कारी संस्कृतिमय जीवन
(b) वर्तमान वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति
(c) प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा पद्धति
(d) लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति भारतीयता के प्रति हीन भावना का कारण है।

निर्देश (प्र.सं. H-15 से H-20 तक) : इस खंड में नीचे दिए गए गद्यांश से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में अंकित कीजिये।

विकास क्रम में पशुता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और मनुष्यता हमारे युग-युगांतर के अनवतर अध्यवसाय से अर्जित अमूल्य निधि। इसी से हम अपने पूर्व स्वप्न के लिए, सामंजस्यपूर्ण आदर्श के लिए और भावनाओं के लिए प्राण की बाजी लगाते रहे हैं। जब हम से ऐसा करने की शक्ति शेष नहीं रह जाती तब हम एक मिथ्या दम्भ के साथ पशुता की ओर लौट चलते हैं क्योंकि वहाँ पहुँचने के लिए न किसी पराक्रम की आवश्यकता है और न साधन की। हम अपने शरीर को निश्चेष्ट छोड़कर हिमालय के शिखर से पाताल की गहराई तक सहज ही लुढ़कते चले आ सकते हैं। परंतु उसे ऊंचाई के सहस्र अंशो तक पहुँचने में हमारे पाँव काँपने लगेंगे, साँस फूलने लगेगी और आँखों के सामने अंधेरा छा जाएगा।

15. मनुष्य पशुता की ओर कब लौटता है?
(a) जब वह मनुष्यता का आदर्श भूल जाता है
(b) जब सब स्वप्न देखना बंद कर देता है
(c) जब वह जीवन में सामंजस्रू की स्थापना के लिए प्रयास छोड़ देता है
(d) जब वह मिथ्या दम्भ से भर जाता है
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : जब यह मिथ्या दम्भ से भर जाता है। तब मनुष्य पशुता की ओर लौटता है।

16. मनुष्य मिथ्या दम्भ के साथ पशुता की ओर लौट चलते हैं
(a) जब सृजनात्मक कार्य करने की शक्ति नहीं रहती
(b) जब ऊर्जा सक्रिय हो
(c) जब कोई पाराक्रमी हो
(d) जब स्वार्थ वृति हो
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : जब सृजनात्मक कार्य करने की शक्ति नही रहती तब मनुष्य मिथ्या के दम्भ के साथ पशुता की ओर लौट चलते है।

17. **पूरे अवतरण का सारांश है कि**
(a) मनुष्य, पशुता से बढ़कर है
(b) मनुष्य को चाहिए कि वह पशुता के पीछे छोड़कर मनुष्यता के लिए प्रयास करें।
(c) अवनति की ओर जाना उन्नति की ओर जाने से आसान है
(d) मनुष्यता, मनुष्य की सतत साधन का प्रतीक है
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : पूरे अवतरण का सारांश है - मनुष्य, पशुता से बढ़कर है।

18. **प्रारम्भ में मुद्रित अंश आशय है कि**
(a) मनुष्यता मनुष्य की अमूल्य निधि है
(b) विकास क्रम का नतीजा है कि हम पशु से मनुष्य बन गए
(c) जन्म से पशु और मनुष्य में कोई अंतर नहीं है
(d) युगांतर की साधना से मनुष्य पशुता से ऊपर उठकर मनुष्यता के गुण प्राप्त कर सकता है
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : प्रारम्भ में मुद्रित अंश का आशय है कि- 'युगान्तर की साधना से मनुष्य पशुता से ऊपर उठकर मनुष्यता के गुण प्राप्त कर सकता है।'

19. **अंतिम वाक्य में जो मुद्रित है, लेखक कहना चाहता है कि**
(a) मनुष्यता का अर्जन हिमालय पर चढ़ने जैसा कठिन है
(b) मनुष्यता से पतित होना पाताल में गिरने जैसा आसान है
(c) मनुष्यता प्राप्त करने में मनुष्य के पैर काँपने लगते हैं
(d) मनुष्य की आँखों के आगे अंधेरा छा जाता है
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : मनुष्यता का अर्जन हिमालय पर चढ़ने जैसा कठिन है।

20. **अवतरण का उपर्युक्त शीर्षक होगा**
(a) मनुष्यता की प्राप्ति
(b) मानव जीवन का लक्ष्य
(c) मनुष्यता का जन्मसिद्ध अधिकार
(d) पशुता बनाम मनुष्यता
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : अवतरण का उपर्युक्त शीर्षक 'पशुता बनाम मनुष्यता' होगा।

21. **''गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास'' लोकोक्ति का सही अर्थ है**
(a) आदर्शवादी (b) चरित्र हीन
(c) यथार्थवादी (d) सिद्धान्त हीन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : 'गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास' लोकोक्ति का सही अर्थ 'सिद्धान्तहीन' है।
अर्थात अपने स्वार्थ के लिए परिस्थितियों के अनुसार बदल जाना।

22. **'अपनाना' क्रिया किस सर्वनाम से बनी है?**
(a) संज्ञा से (b) विशेषण से
(c) क्रिया से (d) सर्वनाम से
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : 'अपनाना' क्रिया सर्वनाम से बनी है।
⇒ सर्वनाम उस विकारी शब्द को कहते है, जो पूर्वापर संबंध से किसी भी संज्ञा के बदले में आता है, जैसे- मैं (बोलने वाला), तू (सुनने वाला), यह (निकटवर्ती वस्तु), वह (दूरवर्ती वस्तु) इत्यादि
⇒ प्रयोग के अनुसार सर्वनामों के 6 भेद है।
(1) पुरूषवाचक - मै, तू, आप (आदरसूचक)
(2) निजवाचक - आप
(3) निश्चयवाचक - यह, वह, सो
(4) सम्बन्धवाचक - जो
(5) प्रश्नवाचक - कौन, क्या
(6) अनिश्चयवाचक - कोई
⇒ संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया ये सब विकारी शब्द है।
⇒ संज्ञाः- किसी भी वस्तु, व्यक्ति, भाव, विचार, द्रव्य आदि के नाम को व्यक्त करने वाले शब्द संज्ञा कहलाते है।
⇒ हिन्दी व्याकरण में संज्ञा के मुख्यतः 5 भेद होते है।
(1) व्यक्तिवाचक (2) जातिवाचक (3) भाववाचक (4) समूहवाचक (5) द्रव्यवाचक
⇒ जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतायें, उसे विशेषण कहते है।
(1) सार्वनामिक विशेषण (2) गुणवाचक विशेषण (3) संख्यावाचक विशेषण
⇒ जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाय, उसे क्रिया कहते है। जैसे - पढ़ना, खाना, पीना।

23. **'र' का विवरण है**
(a) वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(b) पार्श्विक, सघोष, स्पर्श, अल्पप्राण व्यंजन
(c) वर्त्स्य, लुंठित, अघोष, महाप्राण व्यंजन
(d) वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष, महाप्राण व्यंजन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : 'र' का विवरण है- वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन
⇒ प्रयत्न/अवरोध के आधार पर ध्वनियों के भेदः-
(1) आभ्यंतर प्रयत्न के आधार परः-
स्पर्श व्यंजन-
(क, वर्ग) - क, ख, ग, घ, ङ
(च, वर्ग) - च, छ, ज, झ, ञ
(ट, वर्ग) - ट, ठ, ड, ढ़, ण
(त, वर्ग) - त, थ, द, ध, न
(प, वर्ग) - प, फ, ब, भ, म
अन्तस्थ व्यंजन - य, र, ल, व
ऊष्म व्यंजन - श, ष, स, ह
अर्द्धस्वर - य, व
पार्श्विक - ल
लुण्ठित/प्रकंपित - र
अनुनासिक- प्रत्येक वर्ग का अंतिम वर्ण (पंचमाक्षर)
(2) बाह्य प्रयत्न के आधार पर-ः

अघोष	सघोष
क, ख	ग, घ, ङ
च, छ	ज, झ, ञ
ट, ठ	ड, ढ, ण
त, थ	द, ध, न
प, फ	ब, भ, म

⇒ अघोष - श, ष, स

⇒ सघोष - य, र, ल, व, ह। सभी स्वर सघोष है।

अल्पप्राण	महाप्राण
क, ग, ङ	ख, घ
च, ज, ञ	छ, झ
ट, ड, ण	ठ, ढ
त, द, न	थ, ध
प, ब, म	फ, भ,

अल्पप्राण - अंतस्थ व्यंजन

महाप्राण - ऊष्म व्यंजन

⇒ उच्चारण स्थान के आधार पर ध्वनियों का वर्गीकरणः-

उच्चारण स्थान	स्वर	व्यंजन
काकल्य		क
कंठ्य	अ, आ और विसर्ग	क, ख, ग, घ, ङ, ह
तालव्य	इ, ई	च, छ, ज, झ, ञ, य
मूर्धन्य	ॠ	ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष
दन्त्य		त, थ, द, ध, न, स, ल
ओष्ठ्य	उ, ऊ	प, फ, ब, भ, म
अनुनासिक	अनुस्वार (ं)	पंचमाक्षर
कंठतालव्य	ए, ऐ	
कंठोष्ठ्य	ओ, औ	
दंत्योष्ठ्य		व
वर्त्स्य		न, स, र, ल

अयोगवाह ध्वनियाँ :-

ये वे ध्वनियाँ है, जो न स्वर है और न ही व्यंजन। ऐसी तीन ध्वनियाँ है - अनुस्वार, अनुनासिक, विसर्ग ।

24. साधारण वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलिए। ''सीता को देखते ही मुझे रीता की याद आ जाती है।''

(a) जब मैं सीता की ओर देखता हूँ तब मुझे रीता की याद आ जाती है।

(b) जब सीता की ओर देखता हूँ तब मुझे रीता क्यों याद आती है?

(c) जब मैं सीता की ओर देखता हूँ तब मुझे रीता दिखाई देती है।

(d) मैं सीता की ओर देखता हूँ और मुझे रीता की याद आ जाती है।

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : साधारण वाक्यः- ''सीता को देखते ही मुझे रीता की याद आ जाती है।''

मिश्र वाक्य :- जब मैं सीता की ओर देखता हूँ तब मुझे रीता की याद आ जाती है।

⇒ मनुष्य के विचारों को पूर्णता से प्रकट करने वाले पद समूह को वाक्य कहते है। वाक्य सार्थक शब्दों का व्यवस्थित रूप है।

वाक्यों का वर्गीकरण मुख्यतः दो दृष्टियों से होता है-

(1) रचना या स्वरूप की दृष्टि से (2) अर्थ की दृष्टि से

⇒ रचना की दृष्टि से तीन और अर्थ की दृष्टि से वाक्य के आठ प्रकार होते है।

⇒ रचना के अनुसार वाक्य के भेद-

(1) साधारण वाक्य :- जिस वाक्य में एक क्रिया होती है, और एक कर्ता होता है, उसे साधारण या सरल वाक्य कहते है। इसमें एक उद्देश्य और विधेय रहते है। जैसे- बिजली चमकती है।

(2) मिश्र वाक्यः- जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते है। जैसे - 'वह कौन-सा मनुष्य है, जिसने महाप्रतापी राजा भोज का नाम न सुना हो।'

(3) संयुक्त वाक्यः- जिस वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल संयोजक अवयवों द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते है। जैसे- मैं रोटी खाकर लेटा कि पेट मे दर्द होने लगा और दर्द इतना बढ़ा कि तुरन्त डॉक्टर को बुलान पड़ा।

25. प्रयत्न के आधार पर 'ल' किस प्रकार की ध्वनि है?

(a) पार्श्विक (b) संघर्षशील

(c) उत्क्षिप्त (d) प्रकंपित

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : प्रयत्न के आधार पर 'ल' पार्श्विक ध्वनि है।

उत्क्षिप्त ध्वनि - ड़, ढ़ है।

26. 'निराकार' में उपसर्ग है

(a) निर् (b) नि

(c) निरा (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : निराकार में निर् उपसर्ग है।

निर् + आकार = निराकार

27. ''कबीर वाणी के डिक्टेटर थे'' इस वाक्य में किस विराम चिन्ह का प्रयोग हुआ है?

(a) अल्प विराम (b) पुनरुक्ति सूचक

(c) उद्धरण चिन्ह (d) लाघव चिन्ह

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : ''कबीर वाणी के डिक्टेटर थे'' इस वाक्य में उद्धरण चिन्ह या अवतरण चिन्ह (" ") का प्रयोग हुआ है।

⇒ शब्दों और वाक्यों का परस्पर सम्बन्ध बताने तथा किसी विषय को भिन्न-भिन्न भागों में बाँटने और पढ़ने में ठहरने के लिए लेखों में जिन चिन्हों का उपयोग किया जाता है, उन्हे विराम चिन्ह कहते है।

मुख्य विराम चिन्ह इस प्रकार है-

(1) अल्प विराम - (,)

(2) अर्ध विराम - (;)

(3) पूर्ण विराम - (।)

(4) प्रश्न चिन्ह - (?)

(5) आश्चर्य चिन्ह - (!)

(6) निर्देशक (डैश) - (–)

(7) कोष्ठक - ()

(8) अवतरण चिन्ह (" ")

(9) लाघव चिन्ह (॰)

(10) हंसपद (त्रुटिबोधक) - (^)

28. ''मैंने आम ले लिया है।'' का बहुवचन क्या ध्वनि है?

(a) हमने आम ले लिये हैं। (b) मैंने आम लिए है।

(c) मैने आम ले लिये है। (d) हमने आम ले लिये।

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : ''मैने आम ले लिया है।'' का बहुवचन 'मैने आम ले लिये है।' होगा।

29. छन्द पढ़ते समय आने वाले विराम को क्या कहते हैं?

(a) गति (b) लय
(c) गण (d) यति
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : छन्द पढ़ते समय आने वाले विराम को यदि कहते है।
⇒ अक्षरों की संख्या एवं क्रम, मात्रागणना तथा यति-गति से सम्बद्ध विशिष्ट नियमों से नियोजित पद्य रचना छन्द कहलाती है।
⇒ छन्द के अंगः- छंद के अंग इस प्रकार है।
(1) पाद (2) मात्रा और वर्ण (3) संख्या और क्रम (4) लघु और गुरू (5) गण (6) यति (7) गति (8) तुक
⇒ छन्दशास्त्र में 'यति' का अर्थ विराम या विश्राम 'गति' का अर्थ लय या प्रवाह और तुक का अर्थ अन्त्य वर्णों की आवृत्ति है।

30. जिस समास में दोनों पद प्रधान होता है, उसे क्या कहते हैं?

(a) द्वन्द्व समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययी समास (d) द्विगु समास
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : जिस समास के दोनों पद प्रधान हों अर्थात् पूर्वपद और उत्तर पद बराबर महत्व के हों; उसे द्वंद्व समास कहते हैं, यथा - गाय-बैल, भाई-बहन, बेटा-बेटी इत्यादि है।
बहुव्रीहि समासः- जिस समास का कोई भी पद प्रधान नही होता, जो अपने-अपने पदों से भिन्न तीसरे अर्थ की व्यंजना करती है, बहुव्रीहि समास कहते है, यथा- चन्द्रमौलि- चन्द्र है सिर पर जिसके अर्थात शिव
अव्ययीभाव समासः- जिस समास का पहला पद प्रधान हो और अव्यय हो तथा उत्तर पद गौण हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते है- यथा - यथाविधि, प्रतिदिन, यथाशक्ति इत्यादि है।
द्विगु समासः- जिस समास का पहला पद संख्या वाचक हो, उसे द्विगु समास कहते है, जैसे- चौराहा, सतसई, दुराहा इत्यादि।

Part-II : सामान्य अध्ययन (General Studies)

31. What are the last signs of the activities of a volcano?/ज्वालामुखी क्रिया की अंतिम प्रतीक क्या हैं?

(a) Geysers/गेसर
(b) Craters /क्रेटर
(c) Famaroles /धुँआरे (वातिमुख)
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : ज्वालामुखी पृथ्वी पर घटित होने वाली एक आकस्मिक घटना है, इससे भू-पटल पर अचानक विस्फोट होता है, जिसके माध्यम से लावा, गैस, राख, कंकड़, पत्थर, धुँआ आदि बाहर निकलते हैं। इन सभी वस्तुओं का निकास एक प्राकृतिक नली द्वारा होता है, जिसे निकास नलिका कहते हैं। लावा पृथ्वी से बाहर आने के लिए एक छिद्र बनाता है, जिसे विवर या क्रेटर कहते हैं। लावा अपने विवर के आस-पास जम जाता है और एक शंक्वाकार पर्वत बनाता है, जिसे ज्वालामुखी पर्वत कहते हैं। ज्वालामुखी विस्फोट के माध्यम से ठोस पदार्थ, तरल पदार्थ एवं गैसीय पदार्थ बाहर निकलते हैं। ज्वालामुखी विस्फोट के समय निकलने वाली प्रमुख गैसें हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन-डाई-सल्फाइड, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल एवं अमोनिया क्लोराइड है। गैसों में जलवाष्प का महत्व सबसे अधिक है, ज्वालामुखी से बाहर निकलने वाली गैसों में 60 से 90% भाग जलवाष्प का ही होता है। ज्वालामुखी क्रिया का अंतिम प्रतीक धुँआरे (वातिमुख) होता है। इनसे गैस व जलवाष्प निकला करते हैं। अलास्का (USA) के कटमई पर्वत को हजारों धुँआरों की घाटी कहा जाता है।

32. The electric fuse works on the
विद्युत धारा फ्यूज किस प्रभाव पर कार्य करता है?

(a) Chemical effect of current
विद्युत धारा का रासायनिक प्रभाव
(b) Magnetic effect of current
विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव
(c) Heating effect of current
विद्युत धारा का तापीय प्रभाव
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : विद्युत फ्यूज विद्युत धारा के तापीय प्रभाव के सिद्धांत पर कार्य करता है। जब निर्धारित मात्रा से अधिक विद्युत धारा फ्यूज से गुजरती है, तो वह अत्यधिक गर्म होने के कारण पिघल जाता है तथा सर्किट टूट जाता है एवं धारा प्रवाहित होना बन्द हो जाती है।

33. Who was the militant peasant leader of Bihar ?
बिहार का उग्र कृषक नेता कौन था?

(a) Raj Kumar Shukla/राज कुमार शुक्ला
(b) Swami Sahajanand Saraswati
स्वामी सहजानंद सरस्वती
(c) Rajendra Prasad/राजेन्द्र प्रसाद
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : स्वामी सहजानंद सरस्वती को बिहार का उग्र कृषक नेता कहा जाता है। अपनी विद्रोही गतिविधियो के कारण इन्हे 1922-23 में गाजीपुर, बनारस, फैजाबाद तथा लखनऊ जेलों में रहना पड़ा। आरंभ में इनका कार्यक्षेत्र बक्सर, भभुआ तथा शाहबाद था, परन्तु 1924 के बाद से सम्पूर्ण बिहार में प्रसिद्ध हो गए। 1927 में बिहार (पटना) में 'सीताराम आश्रम' को केन्द्र बनाकर अपनी गतिविधियों का संचालन किया। उन्होंने सन् 1929 में बिहार किसान सभा का गठन किया था। सन् 1936 में इनके प्रयासों से लखनऊ में अखिल भारतीय किसान सभा का गठन किया तथा इसके प्रथम अध्यक्ष स्वामी सहजानन्द सरस्वती एवं महासचिव एन.जी. रंगा थे। राजकुमार शुक्ला ने महात्मा गांधी को चम्पारन में किसानों की दयनीय स्थिति से अवगत कराया तथा उन्हें चम्पारन आने हेतु आमंत्रित किया।

34. By selling 39 dozens of mangoes, a vendor earns a profit equal to the sale proceeds of 13 dozens of mangoes. What is the percentage of his profit?/39 दर्जन आम बेचने पर एक विक्रेता को 13 दर्जन आम के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ होता है। उसके लाभ की प्रतिशतता क्या है?

(a) 33% (b) 50% (c) 26%
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : (39 दर्जन आम का विक्रय मूल्य)-(39 दर्जन आम का क्रय-मूल्य = लाभ = 13 दर्जन आम का विक्रय-मूल्य

$\Rightarrow$ 39 दर्जन आम का क्रय मूल्य = (39 दर्जन आम का विक्रय मूल्य)–(13 दर्जन आम का विक्रय मूल्य)

$\Rightarrow$ 39 दर्जन आम का क्रय मूल्य = 26 दर्जन आम का विक्रय मूल्य

माना प्रत्येक दर्जन आम का क्रय मूल्य = ₹ 1

तब, 26 दर्जन आम का क्रय-मूल्य = ₹ 26 तथा 26 दर्जन का विक्रय मूल्य = ₹ 39

लाभ = ₹ (39–26) = ₹13

लाभ% = $\left(\frac{13}{26}\times100\right)\% = 50\%$

35. Who resisted the new system of taxation against the exploitative forces?
किसने कर की नई व्यवस्था के विरुद्ध शोषणकारी शक्तियों का विरोध किया?

(a) Tribes of Khandesh in 1856
1856 में खानदेश की जनजातियों ने
(b) Santhals of Bihar in 1855-56
1855-56 में बिहार के संथालियों ने
(c) Tribes of Chotanagpur in 1850
1850 में छोटानागपुर की जनजातियों ने
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : 1855-56 में बिहार के संथाल आदिवासियों ने ब्रिटिश सरकार द्वारा लागू की गई नई कर नीति के विरूद्ध सशस्त्र विद्रोह किया, इसे संथाल विद्रोह या संथाल हूल कहा जाता है। इस विद्रोह का नेतृत्व सिद्धू, कान्हू, भैरव और चाँद नामक चार भाइयों ने किया। जिसमें सिद्धू और कान्हू प्रमुख नेतृत्वकर्ता थे। यह विद्रोह लगभग एक वर्ष तक चला।

36. Which of the following is warm blooded animal?
निम्नलिखित में से कौन-सा गर्म खून का प्राणी है?

(a) Toad /दादुर (टोड)
(b) Crocodile/मगरमच्छ
(c) Fish/मछली
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (e) : गर्म रक्त वाले जानवर बाहरी वातावरण के तापमान में परिवर्तन के बावजुद अपने आंतरिक शरीर के तापमान को बनाए रखते हैं। स्तनधारी एवं पक्षी गर्म रक्त वाले जानवरों के उदाहरण है। मछली, सरीसृप, उभयचर तथा कीट ठंडे रक्त वाले जानवरों के उदाहरण हैं।

37. Bankim Chandra Chatterjee's novel, 'Anandmath' was published in :/बंकिम चन्द्र चटर्जी के उपन्यास, 'आनन्दमठ' प्रकाशित किया गया था

(a) 1881 (b) 1882 (c) 1880
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : बंकिम चन्द्र चटर्जी का उपन्यास 'आनन्दमठ' सन् 1882 में प्रकाशित हुआ था। यह बंगाली भाषा में है। आनन्दमठ में ही भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' को प्रकाशित किया गया है। इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन में लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया। आनन्दमठ में बंगाल के सन् 1773 के संयासी विद्रोह का वर्णन किया गया है।

38. Dry ice is :/सूखी बर्फ है :

(a) Solid nitrogen/ठोस नाइट्रोजन
(b) Solid oxygen/ठोस ऑक्सीजन
(c) Solid carbon dioxide/ठोस कार्बन डाईऑक्साइड
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : सूखी बर्फ कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2) का ठोस रूप है, एक अणु जिसमें एक कार्बन परमाणु होता है जो दो ऑक्सीजन परमाणुओं से बंधा होता है। सूखी बर्फ रंगहीन, गंधहीन एवं गैर-ज्वलनशील होती है तथा पानी में घुलने पर घोल के pH को कम कर सकती है, जिससे कार्बोनिक एसिड (H_2CO_2) बनता है।

39. In National Park protection is given to
राष्ट्रीय उद्यान में सुरक्षा दी जाती है

(a) Only Fauna/केवल जन्तुजात को
(b) The whole ecosystem/सम्पूर्ण पारिस्थितिक तंत्र को
(c) Only Flora/केवल पादपजात को
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : राष्ट्रीय उद्यान एक ऐसा क्षेत्र होता है, जिसे विशेष रूप से विभिन्न शासी निकायों द्वारा जैव विविधता और वन्यजीवों के संरक्षण हेतु उसके सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के कारण आरक्षित किया जाता है। अतः राष्ट्रीय उद्यान में सम्पूर्ण पारिस्थितिक तंत्र को सुरक्षा प्रदान की जाती है।

40. Which film received the most awards in the Golden Globes 2024 held in Los Angeles ?
लॉस एंजेलिस में आयोजित गोल्डन ग्लोब्स 2024 में सर्वाधिक अवार्ड किस फिल्म को मिला?

(a) The Flower Moon/द फ्लॉवर मून
(b) The Holdovers/द होल्डोवर्स
(c) Oppenheimer/आपेनहाइमर
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : गोल्डन ग्लोब्स 2024 में ओपेन हाइमर फिल्म को सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त हुए। इसे कुल 5 श्रेणियों में पुरस्कार मिले -

सर्वश्रेष्ठ फिल्म (ड्रामा)	-	ओपेनहाइमर
सर्वश्रेष्ठ स्कोर	-	लुडविग गोरानसन (फिल्म - ओपेनहाइमर)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (ड्रामा)	-	सिलियन मर्फी (फिल्म - ओपेनहाइमर)
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक	-	क्रिस्टोफर नोलन (फिल्म - ओपेनहाइमर)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता	-	रॉबर्ट डाउनी जूनियर (फिल्म - ओपेनहाइमर)

41. **Some facts about Ozone (O_3) are**
औजोन (O_3) के बारे में कुछ तथ्य हैं
(a) It absorbs high wavelength radiation
यह उच्च तरंगदैर्ध्य की विकिरणों को अवशोषित करती है
(b) It is most stable gas of the atmosphere
यह वायुमण्डल की अत्यधिक स्थाई गैस है
(c) It is found in mesosphere
यह मध्यमण्डल में पाई जाती है
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (e) : ओजोन गैस सूर्य से आने वाली पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करती है। पराबैंगनी विकिरण मनुष्य, जींव-जंतुओं एवं वनस्पतियों के लिए अत्यंत ही हानिकारक होती है। ओजोन गैस मुख्य रूप से समताप मण्डल में पाई जाती है। ओजोन गैस की मात्रा घटती-बढ़ती है अतः यह एक अस्थाई गैस है।

42. **Which is the major component of biogas ?**
बायोगैस का प्रमुख घटक कौन-सा है?
(a) Hydrogen sulphide/हाइड्रोजन सल्फाइड
(b) Methane/मिथेन
(c) Hydrogen/हाइड्रोजन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : बायोगैस का प्रमुख घटक मीथेन है। बायोगैस में सामान्यतः 50-70 प्रतिशत मीथेने, 25-45 प्रतिशत कार्बन डाईऑक्साइड, तथा हाइड्रोजन, जलवाष्प, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, अमोनिया, हाईड्रोजन सल्फाइड जैसे अन्य गैस पाये जाते हैं।

43. **The Indian Standard Time (IST) remains how much ahead from Greenwich Mean Time (GMT)?**
ग्रीनविच माध्य समय (जी.एस.टी.) से भारतीय मानक समय (आई.एस.टी.) कितना आगे रहता है?
(a) 05½ hours/ 05 $\frac{1}{2}$ घंटे
(b) 06 hours/06 घंटे
(c) 05 hours/05 घंटे
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : भारतीय मानक समय (IST) 82° 30' पूर्वी देशांतर से लिया जाता है। यह देशांतर रेखा प्रयागराज, मिर्जापुर आदि स्थानों से होकर गुजरती है। भारतीय मानक समय (I.S.T) ग्रीनविच माध्य (G.M.T.) से 5 घण्टा 30 मिनट आगे है। भारत के वृहद देशांतरीय विस्तार के कारण गुजरात से अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय समय लगभग 2 घंटे का अंतर पाया जाता है।

44. **In which forest do the majority of species of birds inhabit the mountainous areas ?**
पर्वतीय क्षेत्रों में पक्षियों के अधिकाधिक प्रजातियाँ किस जंगल में निवास करती है?
(a) Pine forest/चीड़ के जंगल
(b) Bush forest/झाड़ियों के जंगल
(c) Oak forest/बाँज के जंगल
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : पर्वतीय क्षेत्रों मे पक्षियों के अधिकाधिक प्रजातियाँ चीड़ के जंगल मे पायी जाती हैं।

45. **Earth day is celebrated on every 22nd April related with/22 अप्रैल को मनाए जाने वाले पृथ्वी दिवस को सम्बन्ध है**
(a) End of the Second World War day
द्वितीय विश्व युद्ध का अन्त दिवस
(b) Declaration of no use of nuclear weapons on earth planet/पृथ्वी ग्रह पर नाभिकीय हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंध
(c) Public awareness about environment issues
वातावरण से सम्बन्धित जनजागरूकता
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाये जाने वाला पृथ्वी दिवस का संबंध पर्यावरण संबंधी मुद्दों जैसे प्रदूषण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन एवं लुप्तप्राय प्रजातियों के विषय में जागरुकता बढ़ाना है। इससे व्यक्तियों, समुदायों और सरकार को पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए कार्यवाई करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। पृथ्वी दिवस पहली बार 22 अप्रैल 1970 को मनाया गया था। वर्ष 2024 में पृथ्वी दिवस का विषय है- ''प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक''

46. **Which one of the following earthquakes is very severe and disastrous?/निम्न में से कौन-सा एक भूकम्प गम्भीर और विध्वंसकारी है?**
(a) Volcanic earthquake/ज्वालामुखीय भूकम्प
(b) Tectonic earthquake/भ्रंशमूलक भूकम्प
(c) Plutonic earthquake/प्लूटॉनिक भूकम्प
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : भ्रंशमूलक भूकंप (Tectonic earthquake) सर्वाधिक गंभीर और विध्वंसकारी भूकंप होते हैं, जो टेक्टोनिक प्लेटों के गतिविधियों के कारण होते हैं। ये भूकंप विनाशकारी होते हैं क्योंकि–
- ये उच्च तीव्रता के साथ आते हैं।
- व्यापक क्षेत्र में प्रभाव डालते हैं।
- लम्बे समय तक चलते हैं।
- भूस्खलन, भू-धंसाव और अन्य भूगर्भीय घटनाओं को जन्म देते हैं।

47. **At the time of the First Round Table Conference, the Governor-General of India was/प्रथम गोल मेज सम्मेलन के समय भारत का गवर्नर-जनरल था**
(a) Lord Reading/लार्ड रीडिंग
(b) Lord Linlithgow/लार्ड लिनलिथगो
(c) Lord Irwin/लार्ड इरविन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : प्रथम गोलमेज सम्मेलन का आयोजन नवंबर 1930 से जनवरी 1931 तक लंदन के रॉयल गैलरी हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आयोजित किया गया था। इस समय भारत का गवर्नर जनरल लॉर्ड इरविन था। प्रथम गालेमेज सम्मेलन की अध्यक्षता ब्रिटिश प्रधानमंत्री मैकडोनाल्ड ने की थी। कांग्रेस केवल द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया था।

48. **Find the smallest number of five digits which when divided by 15, 30, 38, 40 respectively always leaves 2 as remainder.**
पाँच अंकों की छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसको क्रमशः 15, 30, 38, 40 से विभाजित करने पर सदैव 2 शेष बचता है।
(a) 11398 (b) 11402 (c) 2282
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (*) : अभीष्ट संख्या (15, 20, 38, 40 का लं.सं.) + 2
= 2280 + 2
= 2282

2	15, 30, 38, 40
2	15, 15, 19, 20
2	15, 15, 19, 10
3	15, 15, 19, 5
5	5, 5, 19, 1
	1, 1, 19, 1

$\therefore = 2\times2\times2\times3\times5\times19$
= 2,280

नोटः- बी.पी.एस.सी. ने इस प्रश्न का उत्तर (b) माना है।

49. **The silent valley is located in the State of**
शान्त घाटी (साइलेंट वैली) किस राज्य में स्थित है?
(a) Kerala/केरल
(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(c) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : शांत घाटी (साइलेंट वैली) करेल राज्य के नीलगिरी पहाड़ियों में स्थित है। वर्ष 1984 में शांत घाटी को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया। यह नीलगिरी बायोस्फीयर रिजर्व केन्द्र है, जो पश्चिमी घाट का एक अंग है। शांत घाटी को वर्ष 2012 में यूनेस्कों ने विश्व विरासत स्थल में शामिल किया।

50. **Pollutants responsible for acid rains are**
अम्लीय वर्षा के लिए प्रदूषक हैं
(a) CO_2 (b) Water vapours/जल वाष्प (c) SO_2
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : वायुमंडल में उपस्थित कार्बन डाइऑक्साइड द्वारा जल से की गई अभिक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न H^+ आयन के कारण वर्षाजल की pH सामान्य 5.6 होती है। जब वर्षा की pH 5.6 से कम हो जाती है, तो इसे अम्लवर्षा कहते है। अम्लवर्षा मानवीय क्रियाकलापों का उपोत्पाद होती है, जो वातावरण में नाइट्रोजन तथा सल्फर के ऑक्साइड निर्गमित करती है। सल्फर डाइऑक्साइड (SO_2) तथा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (NO_2) ऑक्सीकरण के पश्चात जल (H_2O) के साथ अभिक्रिया करके अम्ल वर्षा में प्रमुख योगदान देते है। अम्लवर्षा कृषि, पेड़-पौधों आदि के लिए हानिकारक होती है साथ ही अम्लवर्षा पत्थर एवं धातुओं से बनी संरचनाओं, भवनों आदि को भी हानि पहुँचाती है। ताजमहल जैसी ऐतिहासिक इमारतें अम्लवर्षा से दुष्प्रभावित हो रही है।

51. **What is true for phylum echinodermata?**
संघ इकाइनेडर्मेटा के लिए क्या सत्य है?
(a) They are triploblastic and have coelomic cavity. यह त्रिस्तरीय हैं और इनें सीलोमिक गुहा होती है।
(b) They have a peculiar water driven tube system. /इनमें विशिष्ट जल संवहन नाल होता है।
(c) They are exclusively free living marine animals./यह विशेष रूप से मुक्त जीवी समुद्री जन्तु हैं।
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : संघ इकाइनेडर्मेटा समुद्री जीव होते हैं। इनका शरीर गोल, नालवत् या तारसदृश, त्रिस्तरीय, खण्डविहीन होता है। इसमें वास्तविक देहगुहा पायी जाती है जो शिशु प्रवस्था में द्वि-पार्श्विक सममित परन्तु वयस्क में पंचतयी अरीय हो जाती है। वास्तविक देहगुहा रोमाभि पेरीटोनियम द्वारा घिरी तथा अनेक नलिकाओं एवं पात्रों में बंटी जिनसे कि तीन विशिष्ट तंत्र बनते हैं– जल-संवहनी, हीमल तथा पेरीहीमल।

52. **Which of the following is the source of renewable energy ?**
निम्न में से कौन-सा नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है?
(a) Coal/कोयला
(b) Nuclear fuel/नाभिकीय ईंधन
(c) Petroleum/पेट्रोलियम
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (e) : नवीकरणीय ऊर्जा वह ऊर्जा है जो ऐसे स्रोत से आती है जो कभी खत्म नहीं होगी। वे प्राकृतिक और स्व-पुनःपूर्ति करने वाली होती है तथा सामान्यतः उनका कार्बन फुटप्रिंट कम या शून्य होता है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उदाहरणों में पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जैव ऊर्जा, जल विद्युत एवं ज्वारीय ऊर्जा शामिल है।
कोयला, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधन गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उदाहरण हैं।

53. **Who among the following was the members of the State Re-organisation Commission (SRC) in 1953?/निम्न में से कौन 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग (एस.आर.सी.) के सदस्य थे?**
(a) K. M. Panikkar/के. एम. पाणिकर
(b) Hriday Nath Kunzru/हृदय नाथ कुंजरु
(c) Fazal Ali/फज़ल अली
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दिसंबर, 1953 में फ़ज़ल अली की अध्यक्षता में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया। इसके अन्य सदस्य पं. हृदयनाथ कुंजरू और सरदार के.एम. पणिक्कर थे। आयोग ने अपनी रिपोर्ट 1955 में दी। जिसके अनुसार भारत में 14 राज्य एवं 6 केन्द्रशासित प्रदेश स्थापित किये गये।

54. **Which of the following is *not* an endocrine gland?**
निम्नलिखित में से कौन-सी अन्तःस्रावी ग्रन्थि नहीं है?
(a) Thyroid/थायरॉइड
(b) Pituitary/पिट्यूटरी
(c) Lacrimal/लैक्रिमल

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : अन्तःस्रावी ग्रन्थियों में ग्रन्थि स्राव को लक्ष्य स्थान तक ले जाने हेतु नलिकायें नहीं होती है। अतः इन्हें नलिका विहीन ग्रन्थियाँ कहते हैं। इनसे स्रावित पदार्थ ऊतक द्रव्य के माध्यम से सीधे रक्त में मुक्त होकर सारे शरीर में फैलते हैं। इन पदार्थों को हार्मोन्स कहते हैं। ऐसी ग्रन्थियों में रुधिर वाहिनियाँ अपेक्षाकृत अधिक होती है। मानव की अन्तःस्रावी ग्रन्थियाँ निम्न हैं – पीयूष ग्रन्थि (Pituitary gland), थाइरॉइड ग्रन्थि, अधिवृक्क या एंड्रीनल ग्रन्थियाँ, पैराथाइरॉइड ग्रन्थि व पीनियल बाडी।
